CATALYST COLLEGE
(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

कैटलिस्ट कॉलेज में 'रोडमैप फॉर ए डेवलप्ड बिहार' विषय पर आयोजित हुआ सिंपोजियम

राज्य के मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण ने छात्रों को किया सर्टिफिकेट वितरित

IIT Kanpur तथा IIT Roorkee के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के प्रतिभागियों के बीच किया गया सर्टिफिकेट वितरित

आज विजयम एजुकेशनल ट्रस्ट के सिमेज कॉलेज समूह के अंतर्गत संचालित 'कैटलिस्ट कॉलेज' द्वारा "रोडमैप फॉर ए डवेलप्ड बिहार" विषय पर पोस्टर आधारित प्रजेंटेशन कार्यक्रम तथा 'सर्टिफिकेट वितरण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम में बिहार राज्य के मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण जी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की | कार्यक्रम का आयोजन 'कैटलिस्ट कॉलेज सभागार', पाटलिपुत्रा में किया गया था |

इसके पूर्व कैटलिस्ट कॉलेज द्वारा IIT Kanpur तथा IIT Roorkee के संयुक्त तत्वावधान में 'Python Programming' विषय पर 15 दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया था | इस Online वर्कशॉप में पूरे देश के IITs और NIT के छात्रों ने भाग लिया था | वर्कशॉप के सफल समापन के पश्चात, इस कार्यक्रम में कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों को बिहार राज्य के मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण जी द्वारा प्रमाण-पत्र तथा पारितोषिक के रूप में प्रति छात्रों को 500/- रु० का चेक वितरित किया गया | वहीं इस अवसर पर छात्रों के मध्य "रोडमैप फॉर ए डेवलप्ड बिहार" विषय पर पोस्टर आधारित प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया | जिसमें BBA द्वितीय वर्ष के छात्र प्रत्यय प्रकाश, अनीसा जायसवाल तथा माही सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किए |

जबकि इस अवसर पर बीसीए के छात्र विकास कुमार, प्रीतेश कुमार तथा शिवकान्त कुमार ने 'ग्रोसरी ई-कॉमर्स वेब ऐप्लीकेशन' पर पीएचपी पर बना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया | वहीं शिल्पी कुमारी ने 'ई-हेल्थकेयर वेब ऐप्लीकेशन' पर पीएचपी पर बना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया और रितेश सिंह, वैभव सागर, अदित्या राज तथा हर्षित राज' ने 'हॉस्टल मैनेजमेंट सिस्टम' पर जावा पर बना अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया |

वहीं इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुये बिहार राज्य के मुख्य सचिव श्री त्रिपुरारी शरण जी ने कहा कि 'कैटलिस्ट कॉलेज के प्रयास सराहनीय हैं |' उन्होने छात्रों के प्रतिभा की तारीफ की | उन्होने राज्य तथा समाज की प्रगति में अच्छे शिक्षण संस्थान के महत्व पर प्रकाश डाला |

जबकि छात्रों को संबोधित करते हुये कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि 'कैटलिस्ट कॉलेज का यह प्रयास है कि राज्य के एक लाख युवाओं को जॉब प्रदान किया जाए | उन्होने कहा कि 'कैटलिस्ट कॉलेज के छात्र जिस तरह से सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ रहे हैं वह प्रशंसनीय है | आज कैटलिस्ट कॉलेज के छात्र देश के हर महानगरों में बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उच्च पदों पर अच्छे खासे पैकेज पर कार्यरत हैं और राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं |

कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन कैटलिस्ट कॉलेज के डीन नीरज पोद्दार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कैटलिस्ट कॉलेज के चेयरमैन बसंत अग्रवाल ने किया | इस अवसर पर सेंटर हेड मेघा अग्रवाल, सभी शिक्षक तथा सभी छात्र भी मौजूद थे |

DIGITAL

IIT

DIGITAL BIHAR